न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,सिमडेगा।

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या – 06/2016 – 2017

दिनांक 4/11/2022

सन्तु सिंह

बनाम

झारखण्ड सरकार

प्रस्तुत वाद दाखिल खारिज द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील दायर किया गया है। वाद की कार्यवाही आवेदक सन्तु सिंह पति स्व0 भुनेश्वर सिंह ग्राम – बिरता जलडेगा थाना जलडेगा जिला सिमडेगा के द्वारा नामान्तरण वाद संख्या 87R27/2007 – 2008 दिनांक 10.08.2007 को अंचल अधिकारी बानो द्वारा अस्वीकृत दाखिल खारिज के विरुद्ध स्वीकृति हेतु अपील दायर किया गया है। दाखिल खारिज वाद संख्या – 06/2016 – 2017 के अनुसार प्रश्नगत् भूमि की विवरणी निम्नवतः हैः–

मौजा	थाना/थाना न0	खाता नं0	प्लॉट न0	रकबा
बानो	बानो	08	165	0.16 ए0

वाद की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए दिनांक 26.10.2017 को दोनो पक्षो को नोटिस निर्गत किया गया था । अंचल अधिकारी बानो से निम्न न्यायालय से न्यायालय की मांग की गई थी। अंचल अधिकारी बानो के द्वारा निम्न न्यायालय का अभिलेख प्राप्त है। अभिलेख के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उभय पक्षों को न्यायालय में संबंधित वाद की सुनवाई हेतु उपस्थित होने के लिए आदेशित किया जाता रहा है। दिनांक 14.11.2018 से दिनांक 01.11.2022 तक उभय पक्षों के द्वारा अधिवक्ताओं के माध्यम से हाजरी पड़ी और ना ही उभय पक्षों व्यक्तिगत रुप से न्यायालय में सशरीर उपस्थित हो सके । ऐसा प्रतीत होता है कि उभय पक्षों को दाखिल खारिज वाद संख्या 06/2016 – 2017 वाद की सुनवाई में व्यक्तिगत रुप से अभिरुचि नहीं है इनकी मनसा शायद न्यायालय के समय का बर्बाद करने का है। ऐसे स्थिति में वाद संख्या 06/2016 – 2017 को संचिकास्त किया जा सकता है । फिर भी यदि आवेदक की इच्छा हो तो संबंधित वाद को न्यायालय में पुनः सुनवाई हेतु आवेदन पत्र समर्पित करते हुए अनुरोध कर सकते है।

लेखापित एवं संशोधित।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सिमडेगा।

Digitally signed by MAHENDRA KUMAR
Date: 2022.11.05 15:50:06 +05:30
Location: 10.93.64.84